हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 09 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा में सत्य, विकास और सुशासन की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने विकास के मुद्दे पर पार्टी को जीत की हैट्रिक दी। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के लिए ऐतिहासिक विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कल श्री मोदी ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई दी।उन्होंने कहा कि बीजेपी न केवल दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, बल्कि वह ज्यादातर लोगों के दिलों में भी बसती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब तक 13 चुनाव हो चुके हैं और इनमें से 10 चुनावों में हरियाणा की जनता ने हर पांच साल में सरकार बदल दी है, लेकिन यह पहली बार है कि पांच साल के दो कार्यकाल पूरा कर चुकी किसी सरकार को राज्य में फिर से मौका मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार राष्ट्र को पहले रखती है और गरीबों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र हो या हरियाणा सरकार, इन दस सालों में उन पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।जम्मू-कश्मीर पर उन्होंने कहा कि एक दशक के इंतजार के बाद आखिरकार जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव हुए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने वाली सभी पार्टियों में से बीजेपी वोट शेयर के मामले में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। श्री मोदी ने आश्वासन दिया कि आने वाले पांच वर्षों में पूरे देश में और भी तेज़ गति से विकास होगा।प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर हर संस्था की छवि खराब करने का भी आरोप लगाया, चाहे वह चुनाव आयोग हो, पुलिस हो या न्यायपालिका हो।

****

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत के बाद प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। इस चुनाव में भावी कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री का चेहरा थे। चुनाव प्रचार के दौरान भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंच से घोषणा की थी कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे। चुनाव जीतने के बाद प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी कहा कि प्रदेश में सरकार का नेतृत्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही करेंगे।
मीडिया द्वारा कार्यवाहक मुख्यमंत्री से उनको फिर से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने बारे पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री नायब सिंह ने कहा कि इसका फ़ैसला संसदीय बोर्ड और विधायक दल करेगा।

****

हरियाणा में बहुमत हासिल करने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुलाकात के दौरान, हरियाणा में नई सरकार के गठन और शपथ ग्रहण को लेकर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मीडिया द्वारा पूछे जाने पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा: -

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। यह पहली बार है कि हरियाणा की जनता ने किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया है।

****

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित हैं और वे इनका विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक संदेश में उन्होंने

कहा कि अनेक विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी नेतृत्व को शिकायतें मिल रही हैं जिन से निर्वाचन आयोग को अवगत करवाया जायेगा। श्री गांधी ने सभी हरियाणावासियों को उनके समर्थन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे हक का , सामाजिक और आर्थिक न्याय का और सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत देने के लिए हरियाणा की जनता का आभार जताया है । श्री बड़ौली ने कहा कि लगातार तीसरी बार हुई भारतीय जनता पार्टी की यह जीत विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। उन्होंने हरियाणा की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि बी.जे.पी सरकार जन आकांक्षाओं को संकल्प के साथ पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नायब सिंह दूसरी बार मुख्यमंत्री बनकर जनसेवा और हरियाणा के विकास को और अधिक गति देंगे।

बी.जे.पी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों, जवानों, पहलवानों के नाम पर झूठ और अफवाहें फैलाई । चुनाव में सर्व समाज ने कांग्रेस को नकार कर बी.जे.पी को आशीर्वाद दिया। कांग्रेस ने झूठ का फैलाया उसका जवाब जनता ने आज दे दिया है। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस हार को पचा नहीं पा रही है और प्रशासन पर आरोप लगा रही है।कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि सच को स्वीकार न करके आरोप लगाना ही कांग्रेस की परम्परा रही है।श्री बड़ौली ने कहा कि बी.जे.पी सरकार ने 10 वर्षों तक समाज के हर वर्ग की बिना भेदभाव के सेवा की है, इसलिए जनता ने उन्हें तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कम समय में ही जनता का दिल जीता है । एक अन्य सवाल पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिली रिपोर्ट के आधार पर 48 से 52 सीटें जीतने का आंकलन लगाया गए था और परिणाम भी वैसा ही आया है।

****